संक्षिप्त

आबकारी आयुक्त ने किया निरीक्षण

उदयपुर, (कासं)।आबकारी आयुक्त, राजस्थान नमित मेहता के निर्देशन में शनिवार को आबकारी विभाग, मुख्यालय उदयपुर में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। आयुक्त मेहता ने अभियान के अंतर्गत संपूर्ण कार्यालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण किया गया तथा व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान मेहता ने मुख्यालय परिसर के विभिन्न अनुभागों का विस्तृत अवलोकन करते हुए स्वच्छता मानकों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय परिसरों में नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए तथा कार्यस्थल को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं कार्य-उपयुक्त बनाए रखा जाए। अभियान के दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि विभिन्न अनुभागों में उपलब्ध नकारा एवं अनुपयोगी सामग्री का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्यालय परिसर में अनावश्यक वस्तुओं का संचय समाप्त हो तथा कार्यकुशलता में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (पॉलिसी) प्रदीप सिंह सांगावत, अतिरिक्त आबकारी आयुक्त (प्रशासन) अनिल शर्मा सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं संबंधित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पीड़ित परिवारों को दी सांत्वना

उदयपुर, (कासं)। लसाडयिा क्षेत्र के घाटा और लालपुरा गांवों में हाल ही में हुई दुखद घटनाओं के बाद शनिवार को पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा ने पीडित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने मृतकों के परिजनों के घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया और इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पूर्व सांसद मीणा ने परिजनों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली और प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही मौतों ने पूरे क्षेत्र में भय और चिंता का माहौल बना दिया है जिसे दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को तुरंत प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार से पीडति परिवारों को आर्थिक सहायता देने, क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों को अंधविश्वास से दूर रहकर सरकारी अस्पतालों में उपचार लेने के लिए जागरूक करने पर भी जोर दिया।इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति को लेकर नाराजगी जताई और शीघ्र सुधार की मांग की। इस दौरान लसाडयिा प्रशासक रुपलाल मीणा, अग्गड प्रशासक भैरूलाल मीणा, कडुणी प्रशासक मनोज कुमार मीणा,केसुलाल मीणा आदि मौजूद रहे।

गौ सम्मान आव्हान बैठक आयोजित

राजसमन्द, (निसं)। जूणदा की खेडी और जीतावास में शुक्रवार शाम को चामुंडा माता मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें गौ सम्मान आव्हान अभियान के अंतर्गत 27 अप्रैल को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन देने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। बाद में पत्रक एवं पोस्टर का विमोचन किया गया और सभी को शपथ दिलाई गई 27 अप्रैल 2०26 को अधिक से अधिक संख्या में आने का संकल्प लिया। इस दौरान कैलाश गिरी गोस्वामी सुरेश चंद्र विजयवर्गीय, मिठू सिंहपवन कुमार रेगर, राजेंद्र कुमार पालीवाल, ललित कुमार खटीक,अविनाश कुमार साहू सहित कई कार्यकर्ता थे।

फुले के आदर्शो पर चलने का संकल्प

बांसवाड़ा, (निसं)। वीर एकलव्य भील सेवा संस्थान की ओर से कागदी पिकअप वियर पर महान शिक्षाविद व समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। पदाधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के महिला व दलितों के उत्थान के लिए किए गए योगदान का स्मरण कर पुष्पांजलि अर्पित की। संस्थान अध्यक्ष कल्याण सिंह निनामा, बापुलाल खराडी, प्रभुलाल वडेरी व अमित मईडा, हुकमचंद मईडा, भीमराज मईडा ,मानसिंह मईडा, जीतमल खडिया, केसर सिंह निनामा, पर्यावरण प्रेमी बंशीलाल डिन्डोर, सुखराम डामोर, विजय निनामा, प्रभुलाल निनामा, राजेश मईडा ने फुले के आदर्शों पर चलने का संकल्प जताया। संचालन अमित मईडा ने किया जबकि आभार भीमराज मईडा ने माना।

चालीस लाख के गहने चुराने के मामले में सांसी गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार

■ गिरफ्तार बदमाशों ने देश भर में 50 वारदातें करना कबूला

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर की सुखेर थाना पुलिस ने उदयपुर सहित छह राज्यों में वांछित कडियां सांसी गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर बडी कार्रवाई की है।उदयपुर से पहले ये बदमाश आंध्रप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में 50 से अधिक वारदातें कर चुके थे लेकिन पकडे नहीं गए। पुलिस शनिवार को बदमाशों को लेकर उदयपुर में रिसेप्शन वाली जगह पहुंची। मौका तस्दीद कराई।

एक महीने पहले उदयपुर के सुखेर थाना क्षेत्र में वारदात करना इन्हें भारी पड गया। सुखेर पुलिस ने महाप्रज्ञ विहार में 11 मार्च को शादी समारोह के दौरान 40 लाख रूपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर चोरी के मामले में मध्यप्रदेश के कडयिा सांसी गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी हुए जेवरों की सौ प्रतिशत रिकवरी भी की है।

उदयपुर की एसपी ने बताया. 11 मार्च 2026 को महाप्रज्ञ विहार स्थित तेरापंथ भवन मे नरेन्द्र शर्मा के पुत्र शुभम की शादी के बाद रिसेप्शन का कार्यक्रम था। नरेंद्र शर्मा और उनकी पत्नि गेट पर मेहमानों का स्वागत कर रहे थे। नरेंद्र के पास एक काले रंग का बैग था इसमें दुल्हन के पडले,बहु को देने के समस्त आभुषण सोने चांदी के जेवरात थे। इसी दौरान करीब 10.38 बजे मेहमान बनकर आए बदमाशों ने उनके पास रखा ये बैग चुरा कर भाग गए।

उदयपुर एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि कुख्यात अंतरराज्यीय कडयिा सांसी चोर गिरोह के बदमाश मध्यप्रदेश के रामगढ जिले के कडयिा सांसी निवासी विकास (26) पुत्र सालकराम सांसी और नकुल (24)पुत्र राजकुमार सांसी को गिरफ्तार किया है। दोनों पर दस.दस हजार रूपए का ईनाम घोषित था। बदमाशों के कब्जे से सुखेर थाना क्षेत्र के महाप्रज्ञ विहार में आयोजित शादी समारोह से चुराये हुए करीब 4० लाख रूपये के सोने.चांदी के आभूषण भी बरामद कर लिए गए हैं। बदमाशों ने राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में 5० से अधिक वारदातें करना कबूला है। ऐसे में सभी राज्यों की पुलिस को इनकी गिरफ्तारी की सूचना दी जाएगी।

एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया. घटना के बाद थाना स्तर एक टीम का गठन किया। टीम ने घटनास्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज दिखे। संदिग्धों को चिन्हित कर तलाश के दौरान टीम को मध्यप्रदेश के राजगढ स्थित 3 गांवो कडिया,सांसी व गुलखेडी के बारे में जानकारी मिली। यहां रहने वाले बदमाशों इसी तरह वारदात अंजाम देते हैं।पुलिस टीम ने लगातार इन गांवों में रैकी कर मुखबीर तंत्र को डवलप किया। तकनीकी सूचना और ह्युमन इटेलीजेंस के आधार पर आरोपियो की पहचान कर नामजद किया गया। इस बीच उन पर इनाम की घोषणा की गई। टीम ने लगातार कई दिनों तक बदमाशों का पीछा किया। टीम ने गावों में दबिश देते हुए दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर गहने बरामद कर लिए। इस कार्रवाई में डिप्टीएसपी राजेश यादव,सुखेर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में एएअसई नारायण सिंह, हेडकांस्टेबल श्रवण कुमार, कांस्टेबल शम्भूराम, कांस्टेबल अचलाराम की विशेष भूमिका रही है। उदयपुर शहर एडि.एसपी उमेश ओझा ने बताया कि पुलिस को जानकारी मिली कि ये दोनों बदमाश मध्यप्रदेश के कडयिा सांसी गैंग के हैं। पुलिस ने बदमाशों को नामजद किया। उदयपुर की सुखेर पुलिस पिछले करीब 2० दिनों से लगातार इनका पीछा कर रही थी। दो दिन पहले मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने बदमाशों के गांव के खेतों में रेड की और विकास सांसी और नकुल सांसी दोनों बदमाशों को धरदबोचा।

दोनों बदमाशों ने राजस्थान के सवाई माधोपुर,बूंदी,खाटू श्यामजी, राजसमंद, डीडवाना-कुचामन,टोंक, जालोर, आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम, तिरूपति बालाजी, महाराष्ट्र के नासिक, मुंबई, मध्यप्रदेश के भोपाल, नरसिंहगढ , गुजरात के पालनपुर, सारधाना और हरियाणा के सोहना से 50 से अधिक वारदातें करना कबूला है। ये किसी शहर में वारदात के बाद तत्काल लंबी दूरी के पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग कर शहर छोड देते थे। थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि इन दोनों बदमाशों ने देशभर में 50 से अधिक वारदातें करना कबूला है। इन दोनों का चोरी, लूट, नकबजनी, राजकार्य में बाधा का बड आपराधिक रिकॉर्ड है। ये इतने शातिर हैं कि ये इनके गांव के घरों में रहने के बजाए खेतों में रहते हैं।इस गांव में बदमाश पुलिस को देख गांव के बच्चों को पुलिस की गाडी या पकडने आ रही पुलिस टीम के सामने फेंक देते हैं ताकि पुलिस का ध्यान भटके और मौका पाकर ये निकल जाएं।

गांव के ज्यादातर युवक देशभर में इस प्रकार की वारदात करने के गिरोह में शामिल होते हैं। ऐसे में गांव में इन्हें पकडना बडी चुनौती थी। विकास और नकुल ने भी दो बार पुलिस टीम के सामने बच्चे खडे किए। इस पर पुलिस टीम ने रणनीति बदली और मुखबीर तंत्र को और मजबूत कर खेतों में रेड कर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

डॉ. एस.बी. नागर को लाइफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा

■ डॉ. नागर द्वारा सात पुस्तकें व तीस से अधिक रिसर्च पेपर प्रकाशित किये तथा राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में पचास से अधिक पेपर प्रस्तुत किये

उदयपुर, (निसं)। नागर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक माणिक्य लाल वर्मा श्रमजीवी सांयकालीन महाविद्यालय एवं फेकल्टी ऑफ रिहेबिलिटेशन साईसेज के डीन डॉ. सत्यभूषण नागर को फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास के क्षेत्र मे किये गए श्रेष्ठ अकादमिक कार्यों के लिए जयपुर मे आयोजित राजस्थान फिजियोथेरेपी समिट 2026 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने लाईफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया।

डॉ. नागर द्वारा सात पुस्तकें व तीस से अधिक रिसर्च पेपर प्रकाशित किये गए है तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में पचास से अधिक पेपर प्रस्तुत किये गए हैं एवं दो अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जर्नल भी सम्पादित कर रहे हैं तथा इससे पूर्व भी इनको कई बार राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जा चुका हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि आईएपी भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजीव झा, राजस्थान स्वास्थ विज्ञान विश्वविद्यालय मे फिजियोथेरेपी संकाय के डीन डॉ. ध्रुव तनेजा, तथा जयपुर के प्रसिद्ध सर्जन व चेयरमेन रॉयल ऑर्थोपदिक हॉस्पिटल जयपुर डॉ आशीष मितल, व आई.ए.पी ट्रेजरार डॉ रूचि वार्ष्णेय आदि उपस्थित थे। कांफ्रेंस में देश विदेश के करीबन 1500 फिजियोथेरेपीस्ट ने भाग लिया।

भाजपा नेता धर्म नारायण जोशी का राज्यपाल कटारिया पर आरोप

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर की भाजपा में जब से राज्यपाल कटारिया और पूर्व विधायक धर्म नारायण जोशी गुट के बीच विवाद बढ़ा है तब से नए-नए खुलासे हो रहे है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्म नारायण जोशी ने राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया पर पहली बार असम का राज्यपाल बनने पर उदयपुर जिले के चार एसटी भाजपा विधायको के विधायक मद के यात्रा कोष से 20 लाख रुपए का दुरुपयोग कर समर्थको, शुभचिंतकों को गुवाहाटी में शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने का आरोप लगाया है।पूर्व विधायक जोशी ने आरोप लगाया कि कटारिया के डर से इन चारों विधायकों ने फिर से विधानसभा क्षेत्र से टिकट प्राप्त करने के लालच में अपने विधायक मद से यह खर्च किया था जिसे जोशी ने विधायक मदद के पैसों का दुरुपयोग होना बताया है।इनमें से सबसे ज्यादा पैसा सलूम्बर के तत्कालीन विधायक अमृतलाल मीणा ने करीब 9 लाख रूपए खर्च किए थे। यह खुले आरोप मावली के पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी ने अपने लिखे एक पत्र में लगाए है। मावली के पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी ने कुछ दिनों पूर्व कटारिया की ओर से की गई पत्रकार वार्ता में जोशी के चुनावीं मैदान से भागने को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में खुल कर आरोप लगाए है। पूर्व विधायक धर्म नारायण जोशी ने पत्र में यहां तक लिखा है कि किस विधायक ने कितना पैसा शपथ ग्रहण की यात्रा में कटारिया के शुभचिंतकों, परिवार जनों पर खर्च किए है।जोशी ने लिखे पत्र में बताया कि फरवरी 2023 में कटारिया ने असम के राज्यपाल पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण में कटारिया के परिजनों, शुभचिंतकों, समर्थकों की गौहाटी यात्रा का व्यय चार विधायकों के व्यक्तिगत विधायक मात्रा मद से किया। ये चारों विधायक फूलसिंह मीणा, अमृतलाल मीणा,बाबूलाल खराडी, प्रताप गमेती है जो जनजाति वर्ग से आते है।

ये चारों अपना अगला विधानसभा टिकट न कट जाए इस कारण हवाई पात्रा का व्यय अपने विधानसभा यात्रा मद से देने को तैयार हो गए। इसमें उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने 1 लाख 12 हजार 600 रूपए, सलूम्बर के तत्कालीन विधायक अमृत लाल मीणा ने 9 लाख 68 हजार 402 रुपए, झाडोल विधायक बाबूलाल खराडी ने 5 लाख 68 हजार 846 रूपए और गोगुन्दरा विधायक प्रताप गमेती ने 3 लाख 81 हजार 336 रूपए कुल 20 लाख 31 हजार 184 रूपए खर्च किए।

'असफलता कोई अंत नहीं, बल्कि सफलता की ओर बढ़ने का एक महत्वपूर्ण चरण है'

■ पेसिफिक विवि में डॉ.विवेक बिंद्रा की मोटिवेशन स्पीच, विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए एक अत्यंत प्रेरणादायक एवं ऊर्जा से भरपूर सेशन का आयोजन हुआ। देश के प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. विवेक बिंद्रा ने एम्पावर योरसेल्फ विषय पर अपने विचार साझा किए। इस विशेष आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों एवं विभागों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता तथा करियर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण सीख प्राप्त की।

कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यार्थियों ने तालियों की गूंज के साथ डॉ. विवेक बिंद्रा का स्वागत किया। अपनी ओजस्वी और ऊर्जावान शैली में उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के भीतर असीम संभावनाएं छिपी होती हैं, आवश्यकता केवल उन्हें पहचानने और सही दिशा में विकसित करने की है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में वही व्यक्ति सफल होता है, जो अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट, अनुशासित और निरंतर प्रयासरत रहता है।

डॉ. बिंद्रा ने अपने संबोधन में कई प्रेरक उदाहरणों, वास्तविक जीवन की घटनाओं और व्यावहारिक सुझावों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझाया कि असफलता कोई अंत नहीं, बल्कि सफलता की ओर बढ़ने का एक महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने कहा कि डर और असफलता से घबराने के बजाय उन्हें सीखने का अवसर समझना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, आत्मविश्वास, लीडरशिप स्किल्स और कम्युनिकेशन स्किल्स को विकसित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने भीतर के लीडर को जगाने और जिम्मेदारियों को समझते हुए समाज के प्रति सकारात्मक योगदान देने का आ ान किया। इस अवसर पर चेयरमैन पेसिफिक ग्रुप राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के जीवन में नई दिशा प्रदान करते हैं। विवि का उद्देश्य विद्यार्थियों को सक्षम, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। ग्रुप डायरेक्टर पेसिफिक ग्रुप प्रीति अग्रवाल ने युवाओं को सकारात्मक मानसिकता के साथ नवाचार अपनाने की अपील करते हुए कहा कि युवा प्रतिभाओं को देश में ही अपनी सेवाएं देनी चाहिए।

दो आरोपी गिरफ्तार, बाइक बरामद

बांसवाड़ा, (निसं)। राजतलाब थाना पुलिस ने शहर में सूने मकानों में ताले तोडकर चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बाइक बरामद की।

शहर में सुने मकानों में ताले तोडकर चोरी करने के मामले में जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी, एएसपी नरपत सिंह भाटी के सुपरविजन व पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा के निकट पर्यवेक्षण में थानाधिकारी राजतालाब एवं प्रशिक्षु आरपीएस सुहासी जैन के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। इस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचना संकलित की वहीं मुखबीरों से जानकारी जुटाई एवं संदिग्ध शक्ति सिंह पुत्र जीत सिंह चिकलीगर निवासी सागवाडा जिला डूंगरपुर एवं तेजपाल सिंह सरदार पुत्र इन्द्रसिंह निवासी पुराना हॉस्पिटल के पिदे सरदार नगर डूंगरपुर को डिटेन कर पूछताछ की। इन आरोपियों ने उदयपुर निवासी हाल सुभाष नगर बांसवाडा के किराये के मकान में रहने वाले रमेशचन्द्र पाटीदार के घर मे चोरी करना स्वीकार किया तथा थाना क्षेत्र के 7 अन्य सुने मकानों का ताला तोडकर चोरी करने का प्रयास करना स्वीकार किया। पुलिस ने अभियुक्तों से घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

पुलिस टीम में थानाधिकारी आरपीएस प्रशिक्षु, राजतलाब थाने के सहायक उपनिरीक्षक रतनलाल, कोतवाली थाने के सहायक उपनिरीक्षक विशाल सिंह, रिजर्व पुलिस लाईन के हैड कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह, कोतवाली थाने के हैड कांस्टेबल मुकेश व प्रकाश, राजतलाब थाने के कांस्टेबल पवन व दिलीप कुमार शामिल रहे।

विवाहिता की संदिग्धावस्था में मौत,पति गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। प्रतापनगर थाना इलाके में विवाहित महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के मामले में पुलिस ने आरोपी मृतका के पति हेमेन्द्र गिरफ्तार को गिरफ्तार किया है ।

जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर डा. अमृता दुहन ने बताया कि 2 अप्रैल को श्रीमती भावना कुंवर पत्नी हेमेन्द्र सिंह राजपुत, निवासी बेडवास थाना प्रतापनगर जिला उदयपुर की ससुराल बेडवास में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो जाने पर प्रार्थी केसर सिंह 42 साल निवासी गांव मंदेरिया, थाना डबोक जिला उदयपुर की रिपोर्ट पर मर्ग संख्या 13/2026 एवं न्यायालय के प्रकरण संख्या 01/2026 अंतर्गत धारा 196 बीएनएसएस. में अबुला साईकृष्णा, आईएएस,एस.डी.एम.,गिर्वा द्वारा जांच कर मृतका भावना कुंवर पत्नी हेमेन्द्र सिंह राजपुत, निवासी बेडवास थाना प्रतापनगर जिला उदयपुर, में मृतका के पिता केशर सिंह राठौड निवासी मन्देरिया तहसील वल्लभनगर,जिला उदयपुर एवं पीहर पक्ष से अन्य गवाहान के बयान लेखबद्ध किये गये।एसपी ने बताया कि उक्त बयानों में मृतका के पिता व अन्य गवाहन द्वारा मृत्यु के संबंध में शक-शुबा जाहिर किया गया। 10 अप्रैल 2026 को मेडिकल बोर्ड ज्युरिस्ट के बयान भी दर्ज किये गये, जिसमे मेडिकल बोर्ड की प्राथमिक राय अनुसार विवाहिता की मृत्यु संदेहस्पद होना बताया गया। एसडीएम गिर्वा द्वारा मूल ही न्यायालय की पत्रावली 10 अप्रैल 2026 को थाना प्रतापनगर पर भिजवाये जाने पर थाना प्रतापनगर पर प्रकरण संख्या 215/26 धारा 80 (2) बी.एन.एस में दर्ज कर अनुसंधान सूर्यवीर सिंह राठौड वृताधिकारी वृत नगर पूर्व द्वारा आरंभ किया गया।

अवकाश कटौती का विरोध-प्रदर्शन

डूंगरपुर, (निसं)। रेसला प्रांतीय कार्यकारिणी के आव्हान पर जिलाध्यक्ष नीरज पाटीदार एवं जिला महामंत्री मोहन डामोर के निर्देशन में शिविरा पंचांग में सत्र 2026-27 के दौरान विद्यालयों में अवकाश कटौती के विरोध में जिले भर के प्राध्यापकों द्वारा रेसला के तत्वावधान में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जिले भर में व्याख्याताओं द्वारा काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध किया रेसला सभाध्यक्ष जयप्रकाश पाटीदार ने बताया आगामी दिनों में उपखंड स्तर पर एवं जिला स्तर पर ज्ञापन दिए जाएँगे। रेसला जिला संरक्षक रितेश कुमार पंडया ने बताया कि ग्रीष्मावकाश शिक्षकों के सेवा नियमों के अनुसार है इसमें कटौती अनुचित है क्योंकि गर्मी में विगत वर्षों में अवकाश रहे है साथ ही शिक्षा मनोविज्ञान,वातावरण एवं अध्यापन के लिए अनुकूल रहता है। संस्था प्रधान अधिकृत अवकाश में एक अवकाश की कटौती तर्क संगत नहीं है। साथ ही सरकार पर इन अवकाशों के बदले अनावश्यक उपार्जित अवकाश का आर्थिक भार डालना उचित नहीं होगा।

लेकसिटी में होटलों में ठहरने वाले पर्यटकों की निगरानी होगी सख्त

■ होटलों में ऑनलाइन एंट्री के बिना नहीं मिलेगा कमरा, नाबालिगों के लिए माता-पिता की परमिशन जरूरी

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर में अब होटलों और गेस्ट हाउस में ठहरने वाले पर्यटकों की निगरानी और भी सख्त होने जा रही है। शहर की सुरक्षा और पर्यटकों की हिफाजत को ध्यान में रखते हुए उदयपुर एसपी ने नए निर्देश जारी किए हैं।

जारी किए नए निर्देश के तहत अब जिले के सभी होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस और होम स्टे संचालकों के लिए ई.विजिटर पोर्टल पर मेहमानों का पूरा रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है।उदयपुर शहर में अब होटलों और गेस्ट हाउस में ठहरने वाले मेहमानों की निगरानी और भी सख्त होने जा रही है। उदयपुर एसपी डॉ अमृता दुहन ने इस संबंध में जिले के सभी थानाधिकारियों को आदेश दे दिए हैं कि वे अपने.अपने क्षेत्रों में इस नियम का सख्ती से पालन करवाएं। उदयपुर में 1500 से ज्यादा होमस्टे, होटल, विला और धर्मशालाएं है।राज्य सरकार के निर्देशों के बाद अब ई.विजिटर पोर्टल को पूरी तरह प्रभावी बना दिया गया है। इसका मतलब है कि अब होटल संचालकों को अपने यहां रुकने वाले हर व्यक्ति का डिजिटल रिकॉर्ड रखना होगा।

इस पोर्टल के माध्यम से जरूरत पडने पर किसी भी संदिग्ध की जानकारी तुरंत हासिल की जा सकेगी, जिससे शहर की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। उदयपुर एसपी दुहन ने सभी थानाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने इलाके के लॉज, सराय और होम स्टे का डेटा इकट्ठा करें और उसे पोर्टल पर दर्ज करवाएं।निर्देश के अनुसार होटल में रुकने वाले हर मेहमान को अब अपनी पूरी जानकारी विस्तार से देनी होगी। इसमें व्यक्ति का नाम,स्थायी पता,आने की तारीख और ठहरने का असली कारण शामिल शामिल होगा।रिकॉर्ड के तौर पर आधार कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस या अन्य वैध पहचान पत्र का वेरिफिकेशन करना जरूरी होगा और उसकी एक कॉपी रिकॉर्ड में सुरक्षित रखनी होगी। कई बार लोग पहचान.पत्र तो दिखाते हैं लेकिन उनका सही रिकॉर्ड पोर्टल पर अपडेट नहीं किया जाता, जिससे सुरक्षा का खतरा बढ जाता है।

उदयपुर एसपी दुहन ने बताया कि नाबालिगों के ठहरने को लेकर इस बार बेहद खास और कडे प्रावधान किए गए हैं। अगर कोई नाबालिग होटल में रुकने आता है तो संचालक को सबसे पहले उसके माता.पिता या अभिभावकों से संपर्क करना होगा। बिना परिजनों की अनुमति के किसी भी नाबालिग को होटल में कमरा नहीं दिया जा सकेगा।किसी भी परिस्थिति में अगर परिजन अनुमति नहीं देते हैं तो होटल संचालक को इसकी जानकारी तुरंत बाल कल्याण समिति को देनी होगी। इस कदम का मकसद बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी भी तरह की अनहोनी को रोकना है।

पुलिस ने साफ आदेश दिया है कि अगर होटल या धर्मशाला में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है तो उसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को दी जाए। पुलिस प्रशासन किसी भी समय होटलों में जाकर रिकॉर्ड का निरीक्षण कर सकता है।यह होटल संचालकों की जिम्मेदारी होगी कि वे हर गेस्ट का सही सत्यापन करें और उनकी आईडी पोर्टल पर अपलोड करें। नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों को कानूनी कार्रवाई के बारे में चेतावनी दी गई है।

सार-समाचार

शोभायात्रा निकाली

कपासन, (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर फूल माली समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। समाज ने इस अवसर पर अपना व्यवसाय भी बंद रखा। यह शोभायात्रा कस्बे के चित्तौडगढ मार्ग स्थित आरा मशीन से गाजे-बाजे के साथ शुरू हुई। इसमें समाज की महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे सज-धजकर शामिल हुए।शोभायात्रा में सबसे पीछे महात्मा ज्योतिबा फुले की रथ पर सजी झांकी चल रही थी। इसमें राजेश्वर तालाब में पानी की मांग से जुडे चर्चित प्रकरण के सूरज माली भी सवार थे। डीजे की धुन पर युवक-युवतियां नाचते-गाते चल रहे थे। शोभायात्रा चित्तौडगढ मार्ग से कस्बे में प्रवेश कर छत्रपति शिवाजी चौक, बस स्टैंड, पांच बत्ती चौराहा और पुराना बस स्टैंड पहुंची। यहां कांठोस के पूर्व जिलाध्यक्ष भेरूलाल चौधरी, नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हिमांशु बारेगामा, लक्ष्मीलाल व्यास, भवानी शंकर लोहार शंकर प्रजापत,सहित कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सूरज माली का भी इस दौरान स्वागत किया गया।इसके बाद शोभायात्रा खाडी बावडी बालाजी, लोडकिया चौक, पीपली बाजार, पुलिस चौकी और नया बाजार कावडिया मंदिर होते हुए अंत मे राजेश्वर सरोवर पर स्थित गोपाल द्वारा में संपन्न हुई, जहां प्रसादी का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का संयोजन माली समाज के नवयुवक मंडल ने किया था। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। गर्मी को देखते हुए कई स्थानों पर शीतल पानी और कोल्ड ड्रिंक्स की व्यवस्था भी की गई थी। इस अवसर पर पूर्व विधायक बद्री लाल जाट ने भी स्वागत किया गया

नवगठित कार्यकारिणी का स्वागत

भीम, (निसं)। नारायणी माता क्षैत्र मियाला मंदिर परिसर में सेन समाज की नवगठित कार्यकारिणी का स्वागत अभिनंदन किया गया। कमेटी के प्रधान प्रवक्ता शान्तिलाल पडियार ने बताया कि कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष धन्नालाल की अध्यक्षता में मियाला सेन समाज की कमेटी का सर्वसहमति से रजिस्ट्रेशन के लिए कार्यकारणी का गठन किया गया।संरक्षक मांगीलाल, अध्यक्ष भैरुलाल ,उपाध्यक्ष डालचंद, कोषाध्यक्ष, एवं सचिव शान्तिलाल पडियार के साथ कार्यकारणी का विस्तार करते हुए सदस्यों का गठन किया गया है जिसमें ख्यालीलाल मिश्रीलाल,लक्ष्मणलाल योगेश कुमार, नवरत्न सेन रामलाल पवन कुमार,देवीलाल कैलाशचंद्र, महावीर कुमार कैलाशचंद्र सुखलाल ललीत कुमार भैरुलाल आदि उपस्थित सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी का स्वागत अभिनंदन किया ।

एनडीपीएस प्रकरण में वांछित गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। कुशलगढ़ थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेस के तहत एनडीपीएस प्रकरण में वांछित को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज के आदेशानुसार रेंज स्तरीय अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर रोकथाम एवं मादक पदार्थ प्रकरणों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिये चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन त्रिनेस के तहत जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरपत सिंह भाटी के सुपरविजन एवं कुशलगढ़ पुलिस उप अधीक्षम महीपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में पुलिस टीम ने यह कार्यवाही की। थानाधिकारी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबीरी व आसूचना संठाहण कर सदर थाने के प्रकरण में एनडीपीएस एक्ट में वांछित आरोपी दिलीप पुत्र श्यामजी चरपोटा निवासी मेणाखोता माजिया पुलिस थाना अरथूना को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

छप्पन भोग धराया

मंडफिया, (निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ को छप्पन भोग धराया गया। जानकारी के अनुसार मंडफिया सांवलिया जी निवासी प्रकाश तंवर पशुपतिनाथ ट्री स्टॉल (मंदसौर वाले) की ओर से भगवान श्री सांवलिया जी सेठ को विभिन्न प्रकार की मिठाईयां, सूखे मेवों व ताजा फलों का छप्पन भोग धराया गया। छप्पन भोग के साथ भगवान को चांदी व सोने के आभूषण, नवीन पोशाक एवं नोटों की माला भी भेंट की गई। इससे पहले भक्त प्रकाश तंवर के निज आवास से बैंड बाजे के साथ छप्पन भोग जुलूस प्रारंभ हुआ जो कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुए मंदिर पहुंचा।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F-7() B.PLAN/MISC/2025-26/ आम-सूचना दिनांक: 8.4.2026

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां(Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/ योजना	खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1.	श्रीमती दुर्गा नागदा पत्नी श्री जीवनलाल नागदा	चिकलवास	3889/3869, 3892/3871, 3895/2289, 3897/2292, 3899/2294, 3900/3873, 3902/3875, 3904/3877	02	2073.75 वर्गफीट	बड़गांव से धुर को जाने वाली प्रस्तावित 100 फीट सडक पर अशोक उपवन के सामने स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत सरे, पंचायत समिति बडगॉव, जिला उदयपुर

क्रमांक: दिनांक:-

खुली बोली-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत सरे के अधीनस्थ ग्रामों में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ दिनांक 17.04.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारीhttps://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN- ZUD2627SSOB00131

प्रशासक ग्राम पंचायत सरे — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत सरे

कार्यालय पंचायत समिति-भीम जिला राजसमन्द (राज.)

क्रमांक: ग्राप/लेखा/ई-टेन्डर/2026-27/39 दिनांक:- 8.04.2026

ई निविदा सूचना 02-03/2026-27

पंचायत समिति भीम के अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों को करवाने लिए नियम 181 के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में राजस्थानGST अधिनियम 2017/GST के अन्तर्गत पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा का पूर्ण विवरण, शर्तें www.sppp.rajasthan.gov.in and www.https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं Dowanload कर प्राप्त की जा सकती है। साथ ही कार्यालय के नोटिस बोर्ड से कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

NIB Code- ZRR2627A0012-A0013

UBN Code- ZRR2627WSRC00048-WSRC00071

ग्राम विकास अधिकारी पंचायत समिति, भीम